# कार्यालय अधिशासी अभियंता,
# माताटीला बांध प्रखण्ड, झांसी।

पत्रांक– 442 / आई0जी0आर0एस0 / मा0बा0प्र0झा0 दिनांक– 09.01.23

विषय– जनसुनवाई शिकायत संख्या 18167220178085 के संबंध में।

संदर्भ– आपका पत्र संख्या 44 / मुअबे दिनांक 03.01.2022।

**मुख्य अभियन्ता (बेतवा), सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0 झांसी।**

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र की सूची में आई0जी0आर0एस0 संदर्भ संख्या 18167220178085 इस कार्यालय से सम्बन्धित है जिसके माध्यम से माननीय राजरतन, सदर विधायक ललितपुर के पत्र संख्या 12/09/226/2022 दिनांक 17.09.2022 द्वारा माताटीला बांध पर वाटर स्पोर्टस प्रारम्भ करने की वांछना की गयी है।

इस सम्बन्ध में निम्न तथ्य उल्लेखनीय हैं:–

1– माताटीला बॉध झॉसी शहर से लगभग 61 कि0मी0 दूर जनपद–ललितपुर में बेतवा नदी पर स्थित है। माताटीला बॉध के जलाशय की उपयोगी क्षमता 19.87 टी0एम0सी0 (562.65 MCM) है। जलाशय के पानी में उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश की हिस्सेदारी क्रमशः 70:30 है,जिसके अनुसार उत्तर प्रदेश का अंश 13. 91 टी0एम0सी0 (393.89 MCM) है।

2– बेतवा नदी पर माताटीला बॉध के अपस्ट्रीम में विद्यमान राजघाट बॉध के जलाशय के पानी में उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश की हिस्सेदारी क्रमशः 50:50 है, जिससे माताटीला बॉध को 24.91 टी0एम0सी (705.37 MCM) अतिरिक्त पानी प्राप्त होता है। इस प्रकार माताटीला बाँध पर कुल 13.91+24.91= 38.82 टी0एम0सी0 (1098.98 MCM) पानी उपलब्ध है।

3– माताटीला बॉध से वर्तमान में झॉसी, बबीना एवं तालबेहट कैण्ट हेतु क्रमशः 110 एम0एल0डी0, 40 एम0एल0डी0, 5 एम0एल0डी0, कुल 155 एम0एल0डी0 (67.89 MCM) पानी पेयजल हेतु लिया जा रहा है, एवं माताटीला बॉध के शेष 1031.09 MCM जल से नहरों के माध्यम से जनपद–झॉसी, जनपद–जालौन एवं जनपद–हमीरपुर में उपलब्ध कराकर 2.80 लाख हेक्टेयर कृषि क्षेत्र की रबी में सिंचाई कराई जाती है।

4– इसके अतिरिक्त ''अटल नवीनीकरण और शहरी रूपान्तरण मिशन'' के अन्तर्गत नगर निगम झॉसी पुनर्गठन पेयजल योजना (फेज–2) हेतु 110 एम0एल0डी0 के

EE, MDD File

स्थानपर 300 एम0एल0डी0 पानी उपलब्ध कराये जाने पर 83.82 MCM अतिरिक्त जल एवं बुन्देलखण्ड पाइप पेयजल योजना अर्न्तगत विभिन्न ग्राम समूह पेयजल हेतु भी जल उपलब्ध कराना होगा।

उत्तर प्रदेश जल नीति के अनुसार पेयजल हेतु पानी का उपलब्ध कराया जाना सर्वोच्च प्राथमिकता पर है एवं ग्रीष्म ऋतु में पानी की मांग अधिक हो जाने के कारण बांध में केवल पीने योग्य ही पानी रह जाता है ।

यद्यपि बांध पर वाटर स्पोर्टस बनाया जाता है, तो जलाशय पानी के दूषित होने की भी संभावना बनी रहेगी एवं सिंचाई, मत्स्य पालन, विद्युत उत्पादन एवं पेय आपूर्ति आदि दुष्प्रभावित होने की प्रबल संम्भावना है। साथ ही कदाचित यह अन्तर्राज्यीय स्तर का प्रकरण होगा। तथापि पर्यटन के दृष्टिगत पर्यटन विभाग को कार्य कराये जाने हेतु सैद्धान्तिक सहमति इस प्रतिबन्ध के साथ प्रदान की जा सकती है कि **"जलाश्य में उपलब्ध जल का ईष्टतम उपयोग सुनिश्चित करते हुए कृषकों को सिंचाई एवं पेयजल आपूर्ति हेतु जल उपलब्ध कराया जाना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसके लिए प्रस्तावित कार्यों के संचालन हेतु जलाशय का किसी जलस्तर को नियत रखने हेतु विभाग बाध्य नहीं होगा"** एवं प्राकृतिक सम्पदा भूमि, जल, वायु, वन, वन्य जीव, वनस्पति, पर्यावरण, पारस्थिति की आदि सम्बन्धी अधिनियम/शासकीय आदेशो/निर्देशों/मा0 उच्च न्यायालय/मा0 सर्वोच्च न्यायालय/राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा समय–समय पर पारित आदेशों तथा सुसंगत अन्य समस्त दिशा निर्देशो का अनुपालन करते हुये यथा आवश्यक समस्त अनापत्ति/क्लीयरेन्स/सहमति, सम्बन्धित विभागों/संस्थाओं से पर्यटन विभाग को स्वंय प्राप्त करनी होगी।

(मु0 फरीद)
अधिशासी अभियंता

EE, MDD File

...कुशवाहा (एड.)
विधायक
...लितपुर
...उपाध्यक्ष : भा.ज.पा. पिछड़ा वर्ग, ललितपुर
...अध्यक्ष : भाजपा बुन्देलखण्ड क्षेत्र

सदस्य विधान सभा उत्तर प्रदेश

निवास : कैम्प कार्यालय
क-6 झांसी - सागर बाईपास, ललितपुर
No. 797251
फोन : 05176 - 297468
मो.: 9450067893, 8887151026

पत्रांक संख्या– 12/09/226/2022

दिनांक– 17.09.2022

आदरणीय मुख्यमंत्री जी
उत्तर प्रदेश शासन।

कार्यालय
भाजपा विधान मण्डल दल वि० स०
पत्रांक सं. 28088/भाजपा/वि०मं०द०/20

आदर सहित आपको अवगत कराना है, कि जनपद– ललितपुर में अद्योहस्ताक्षरि के विधानसभा क्षेत्रानतर्गत 226, ललितपुर में विकास खण्ड– तालबेहट के ग्राम माताटीला में स्थित माताटीला डैम में वाटर स्पोर्टस को प्रारम्भ करने से डैम परियोजना का पर्यटन की दृष्टि से अवलोकन करने आने वाले सैलानियों के लिए एक मनोरंजन का केन्द्र भी बन सकता है। जिससे जनपद व प्रदेश को राजस्व लाभ भी प्राप्त हो सकता है।

अस्तु आपसे करबद्व अनुरोध है, कि अद्योहस्ताक्षरि के विधानसभा क्षेत्र 226, ललितपुर क्षेत्रान्तर्गत माताटीला डैम परियोजना में वाटर स्पोर्टस प्रारम्भ कराये जाने के लिए सम्बन्धित विभाग से परियोजना तैयार कराते हुये, स्वीकृति प्रदान करने की महान कृपा करें।

प्र० स०, सिंचाई

CRCF0013990723

17.09.22
रामरतन कुशवाहा
सदर–विधायक
226, ललितपुर

20.9.22
(ईशान प्रताप सिंह)
विशेष सचिव,मुख्यमंत्री
उत्तर प्रदेश शासन।

सांसद एवं विधायक प्रकोष्ठ
20 SEP 2022